## महत्वपूर्ण एवं खास

### करोड़ों रुपए के धान खरीदी घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा (आरएनएस)।** जिले में साल 2021-22 में हुए धान खरीदी के दौरान 2 करोड़ 51 लाख का घोटाला करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. नवागढ़ थाना के तुलसी और किरित गांव के धान खरीदी केंद्र में आरोपी ने जमीन का फर्जी पंजीयन कर अपने रिश्तेदारों के खाता में चढ़ा दिया और 2 करोड़ 51 लाख रुपये की गड़बड़ी की। नवागढ़ थाना में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नोडल अधिकारी अश्वनी पांडे ने 8 फरवरी 2022 को किरित और तुलसी गांव के धान खरीदी केंद्र प्रभारी राम नारायण कश्यप और अजय प्रकाश नागेश के खिलाफ शासकीय दस्तावेज में छेड़छाड़ का आरोप लगा था. 1294.71 क्विंटल धान की खरीदी कर 2 करोड़ 51 लाख 4 हजार 9 सौ 82 रुपये के गबन करने का मामला दोनों के खिलाफ दर्ज कराया गया. मामले में नवागढ़ पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 420,34 ,467,468,471,120ड्ढ ,408 ,409 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था. इस प्रकरण के एक आरोपी राम नारायण कश्यप को 26 फरवरी को ही गिरफ्तार कर लिया था. घटना के बाद से आरोपी अजय नागेश फरार हो गया था. जिसकी तलाश में नवागढ़ पुलिस जुटी रही। फरार आरोपी को पकडऩे के लिए पुलिस अधीक्षक ने टीम का गठन किया. शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर नवागढ़ और पंतोरा पुलिस ने आरोपियों को कोरबा से हिरासत में लिया. मामले में खुलासा हुआ कि आरोपी अजय प्रकाश नागेश ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान निजी लाभ के लिए घोटाले की योजना बनाई. जिसमें किसानों के कुल रकबा में अतिरिक्त रकबा शामिल कर उस अतिरिक्त रकबा में धान समर्थन मूल्य में खरीदी कर लाभ प्राप्त करना स्वीकार किया. जिले में अलग तरीके से किए गए इस गबन में कई और नाम सामने आ रहे हैं. जिसपर पुलिस शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है।

### भालू के हमले से 1 ग्रामीण घायल

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के बस्तर थाना क्षेत्र के बोरपदर निवासी नारायण बघेल पर 02 शावक भालू के साथ ही एक बड़े भालू ने हमला कर दिया, ग्रामीण के अन्य साथियों ने भालू ने हमले से बचाकर साइकिल से घर पंहुचाया, जहां से उसे मेकॉज में भर्ती किया गया है, जहां घायल का उपचार जारी है। घायल नारायण बघेल ने बताया कि सुबह अपने साथी ग्रामीण उरदब के साथ जंगल मे दातून तोडने के लिए गया हुआ था, जहां जंगल के अंदर 03 भालू, जिसमे 02 बच्चे थे, अचानक हमला कर दिया, अपने दोस्त को बचाने के लिए उरदब ने कुल्हाड़ी से भालुओं को खदेडऩे में कामयाब रहा।

### ट्रेन से टकराने से युवक की हुई मौत

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के नगरनार थाना क्षेत्र के चिलकुटी में बीती रात को एक युवक ट्रेन से टकरा गया, जिसके बाद ट्रेन ड्राइवर ने इसकी जानकारी आमागुड़ा रेल्वे स्टेशन में दी, डायल 112 के साथ ही नगरनार पुलिस मौके पर पंहुचकर घायल को उपचार के लिए मेकॉज लाया गया, जहाँ उसकी मौत हो गई। मृतक युवक रात में चिलकुटी रेल्वे लाईन क्यो गया और दुर्घटना का शिकार कैसे हुआ पुलिस इसकी जांच कर रही है। नगरनार थाना प्रभारी बीआर नाग ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि चिलकुटी रेलवे स्टेशन पर एक युवक ट्रेन से टकरा गया है, सूचना पर डायल 112 व नगरनार पुलिस मौके पर आ पहुंचकर घायल को 112 की मदद से मेकॉज लाया गया, घायल ने अपना नाम जयमन निवासी छोटे गरावंड बड़ेपारा बताया, सूचना पर पुलिस ने गांव के कोटवार मोहन को फोन लगाकर परिजनों को सूचना दिया, सूचना मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे, परिजनों ने बताया कि मृतक जयमन 25 वर्ष जो कि वाहन चलाने का काम करता था।

# गैर इरादतन हत्या मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **जंगली जानवर का शिकार करने के लिए बिछाए बिजली करंट के चपेट में आने से हुई थी साथी युवक की मौत**
- **युवक के मर्ग जांच पर पूंजीपथरा पुलिस ने शिकारियों पर दर्ज की गैर थी इरादतन हत्या का अपराध**



**रायगढ़।** दिनांक 24.09.2022 को पूंजीपथरा पुलिस द्वारा आपराधिक मानव वध के आरोप में ग्राम हर्राडीह, पूजीपथरा के तीन युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। तीनों आरोपी अपने साथी युवक के साथ हर्राडीह जंगल बिजली करेंट से जंगली जानवर मारने खुला तार में करेंट प्रवाहित किये थे। उसी तार में आरोपियों के साथी लोकनाथ राठिया का हाथ फंस जाने और उसको बिजली करेंट मारने से मौके पर ही मौत हो गया था।

घटना के संबंध में दिनांक 23.08.2022 के मध्य रात्रि भीष्मदेव राठिया (28 साल) निवासी छर्राटांगर थाना पूंजीपथरा आकर मर्ग इंटिमेशन दर्ज कराया कि दिनांक 21.08.2022 के सुबह बजे अपने साथी गांव के लोकनाथ राठिया, एकनाथ राठिया, धनेश्वर राठिया के साथ हर्राडीह टिकरा जंगल में बिजली करेंट से जंगली जानवर का शिकार करने छड बांधने वाला तार लेकर गये थे, बिजली करेंट तार में लोकनाथ राठिया (उम्र 22 वर्ष) फंस कर मर गया तब स्कुटी में लोकनाथ के शव को लेकर आये। मर्ग जांच पर पाया गया कि चारों मिलकर छड बांधने वाला तार लेकर हर्राडीह जंगल बिजली करेंट से जंगली जानवर मारने गये थे, जहां खुला तार को बिछाकर करेंट प्रवाहित किये उसी तार में लोकनाथ राठिया मृतक का हाथ फंस जाने से और उसको बिजली करेंट लगने से मौके पर ही मौत हो गया। मर्ग जांच पर आज दिनांक 24.09.2022 को तीनों आरोपी - एकनाथ राठिया पिता केशव प्रसाद राठिया उम्र 29 साल, धनेश्वर राठिया पिता लाला राम राठिया उम्र 26 साल, भीष्मदेव राठिया पिता जपीराम राठिया उम्र 28 साल तीनों निवासी ग्राम छर्राटांगर थाना पूंजीपथरा के विरूद्ध अपराध धारा 304 , 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, जहां जेल वारंट पर तीनों को जेल दाखिल किया गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तार में सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का, प्रधान आरक्षक गौतम ठाकुर, अमित तिर्की, आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर, प्रताप टोप्पो, हेमलाल, विद्यासिदार और कल्याण सिंह शामिल थे।

# भारत और इंग्लैंड महिला क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टा ले रहे दो सटोरिए गिरफ्तार

- **चौथे दिन लगातार ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा पर कोतवाली टीआई की कार्यवाही**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन पर ऑनलाइन सट्टा पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगातार चौथे दिन कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा पर निगाह रखते हुए कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा लगाए गए मुखबीर द्वारा भारत और इंग्लैंड महिला क्रिकेट वन डे मैच के मध्य चांदनी चौक और गांधी गंज के पास सट्टा ले रहे दो आरोपियों की सूचना दिया गया जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर के हमराह प्रधान आरक्षक राम साहू,आरक्षक शशिकांत चौहान, आरक्षक रूपलाल पटेल, प्रेम सिंह राठिया द्वारा आरोपियों को रेड कर पकड़ा गया। चांदनी चौक के पास आरोपी सतीश यादव पिता दिलदार यादव उम्र 21 साल निवासी बेलादुला रायगढ़ एवं गांधी गंज रायगढ़ से पकड़े गए आरोपी दीपक अग्रवाल पिता कैलाश अग्रवाल उम्र 35 वर्ष निवासी गांधी गंज के पीछे रायगढ़ के कब्जे से लाखों रुपए का सट्टा पट्टी एवं नगद रकम 2900 रुपए, मोबाइल की जब्ती की गई है। आरोपियों पर थाना कोतवाली में 4-क जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। एसपी अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन पर सटोरियों पर की जा रही कार्यवाही से सटोरियों के बीच खलबली मची है।

# हत्या के प्रयास मामले के फरार वारंटी सहित पांच वारंटियों को किया गया न्यायालय पेश

- **फरार वारंटियों पर खरसिया पुलिस चला रही अभियान**



**रायगढ़।** एसपी अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय के मार्गदर्शन पर खरसिया पुलिस द्वारा फरार वारंटियों पर अभियान चलाया जा रहा है। कल चौकी खरसिया द्वारा 8 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। वहीं आज थाना प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा फरार वारंटियों की धरपकड़ किया गया जिसमें हत्या के प्रयास मामले के फरार आरोपी अनिल यादव उर्फ बबलू सहित अन्य अपराधों के वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

न्यायालय पेश किये गये वारंटी -

(1) अनिल यादव उर्फ बबलू पिता सोनू राम यादव 21 साल झाराडीह थाना खरसिया

(2) चैतराम चौहान पिता गोपाल प्रसाद चौहान 54 साल कृष्णा नगर देहजरी थाना खरसिया (मारपीट मामले का आरोपी)

(3)हीरालाल चौहान पिता चैतराम चौहान उम्र 26 साल निवासी कृष्ण नगर देहजरी थाना खरसिया (मारपीट मामले का आरोपी)

(4) योगेश कुमार पटेल पिता शंकर लाल पटेल उम्र 35 वर्ष निवासी भेलवाड़ीह थाना खरसिया (मारपीट मामले का आरोपी)

(5) सुखराम चौहान पिता मोहनलाल चौहान उम्र 38 वर्ष निवासी नवगांव थाना खरसिया (एक्सीडेंट मामले में वाहन स्वामी)

# कोतरारोड पुलिस ने 12 घंटे के भीतर गुम बालिका को मालखरौदा से सकुशल लाया रायगढ़

- **स्कूल जाने के नाम पर घर से निकली थी बालिका**




**रायगढ़।** कोतरारोड़ थाना प्रभारी द्वारा एसपी अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर थानाक्षेत्र से गुम हुई स्कूली छात्रा (17 साल) की जांच पर गंभीरता बरतते हुए त्वरित कार्यवाही कर गुम इंसान से अपराध पंजीबद्ध के 12 घंटे के भीतर सटिक सर्विलांस एवं मुखबिर सूचना पर गुम बालिका को सीमावर्ती सक्ती जिले के मालखदौरा थानाक्षेत्र से दस्तयाब कर थाना लाया गया है। कोतरारोड़ पुलिस आज बालिका का चाइल्ड लाइन में कांउसलिंग (कथन) तथा न्यायायल में माननीय मजिस्ट्रेट महोदय के समक्ष बालिका का कथन पश्चात मामले में अग्रिम विधि अनुरूप कार्यवाही करेगी।

गुम बालिका के संबंध में दिनांक 22.09.2022 के शाम को बालिका के पिता थाना कोतरारोड़ आकर थाना प्रभारी उप निरीक्षक गिरधारी साव को बालिका के सुबह स्कूल जाने के नाम पर घर से निकलना और घर नहीं पहुंचना बताया गया। मामले की संजीदगी को देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा एसपी अभिषेकमीणा को रिपोर्ट से अवगत कराया गया।मीणा द्वारा बालिका के परिजनों से विस्तृत जानकारी लेकर बालिका के संपर्क में आने वाले प्रत्येक लोगों से पूछताछ कर शीघ्र बालिका पतासाजी का निर्देश दिया गया। निर्देशों पर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा बालिका एवं संदेही के मोबाइल नम्बर सर्विलांस में रखकर जिले के सभी थाना, चौकी एवं सीमावर्ती जिलों के थानों में गुम बालिका की जानकारी देकर पतासाजी के लिये सूचित किया गया था कि आज सुबह थाना प्रभारी कोतरारोड़ को मालखरौदा से एक महिला द्वारा बालिका के संबंध में सूचना दिया गया। तत्काल कोतरारोड़ पुलिस टीम बालिका के परिजनों को साथ लेकर मालखरौदा से बालिका को वापस लाया गया है। मामले में बालिका के कथन पश्चात अग्रिम विधि अनुरूप कार्यवाही किया जावेगा। गुम बालिका की खोजबिन, दस्तयाबी में उप निरीक्षक गिरधारी साव, सहायक उपनिरीक्षक कुसुम कैवर्त, महिला आरक्षक प्रमिला भगत और आरक्षक राजेश खांडे की अहम भूमिका रही है।

# ट्रेलर वाहन की एक्सलस चोरी कर ले जा रहे दो चोर गिरफ्तार

- **आरोपियों से 4.50 लाख संपत्ति जब्त, कोतरा रोड पुलिस ने आरोपियों को भेजा रिमांड पर**



**रायगढ़।** दिनांक 24.09.2022 को थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में कोतरारोड पुलिस द्वारा ग्राम खैरपुर में वाहन यार्ड से ट्रेलर वाहन का एक्सल चोरी कर पिकअप वाहन से ले जा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों से चोरी किया गया हुआ ट्रेलर वाहन का एक्सेल तथा एक्सल लोड कर ले जाने में प्रयुक्त पिकअप वाहन की जब्त किया गया है।

एक्सल चोरी के संबंध में कल दिनांक 24.09.2022 को थाना कोतरारोड़ में ग्राम खैरपुर के मनीष झा (उम्र 33 वर्ष) रिपोर्ट दर्ज कराया कि श्यामानन्द उपाध्याय ठेकेदार के अधीन जिंदल कंपनी में सुपरवाईजर का काम करता है। श्यामानन्द उपाध्याय के ट्रेलर/क्रेन वाहन को खैरपुर में वाउण्ड्री बनाकर रखा गया है। जहां से आये दिन ट्रेलर/क्रेन का सामान चोरी हो रहा था। तब आसपास के लोगों को यार्ड में बाहरी व्यक्ति को देखने पर सूचना देने बोला था। दिनांक 23/09/22 को गांव का एक व्यक्ति मोबाईल फोन से सूचना दिया था कि यार्ड से पिकअप में कोई व्यक्ति सामान लोड कर रहा है। तब श्यामानन्द उपाध्याय और कोतरारोड़ पुलिस को सूचना देकर यार्ड पहुंचा। यार्ड के अंदर पिकअप क्रमांक CG 13 D- 5865 में कुछ लोग यार्ड में खड़े ट्रेलर नं0 NL 01 K-3631 का एक्सल लोड कर लिए थे, जो देखकर भागने लगे दो व्यक्तियों को पकड़े। आवेदन पर कोतरारोड़ पुलिस द्वारा पकड़े गये चैन सिह एवं पिकअप वाहन चालक विजय कश्यप के विरूद्ध अप.क्र. 264/2022 धारा 457, 380, 34 IPC दर्ज कर विवेचना दरम्यान आरोपियों के मेमोरेंडम पर चोरी की सम्पत्ति ट्रेलर नं0 NL-01 K-3631 का एक्सल कीमत 50,000 रूपये एवं चोरी में प्रयुक्त पिकअप क्रमांक CG 13 D- 5865 कीमत 4 लाख रूपये कुल ₹4,50,000 की सम्पत्ति बरामद किया गया है। आरोपियों द्वारा चोरी में उनके साथ एक और व्यक्ति को शामिल होना बताया है जो फरार है। फरार आरोपी की पतासाजी के लिये थाना प्रभारी द्वारा मुखबिर लगाये गये हैं। गिरफ्तार आरोपी- (1) चैन सिंह सिदार पिता कलाराम सिदार 26 वर्ष कृष्णापुर रायगढ़ कोतरा रोड (2) विजय कश्यप पिता स्व. साधुराम कश्यप 38 साल निवासी जगतपुर कोतवाली को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी कोतरारोड़ उपनिरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में कार्यवाही में प्रधान आरक्षक नरेंद्र यादव, प्रेम सिदार, आरक्षक संदीप कौशिक, गोविंद पटेल, महेश पंडा और विकास प्रधान की अहम भूमिका रही है।

# द्रोणिका के प्रभाव से कई छत्तीसगढ़ के जिलों में बारिश के आसार



**रायपुर (आरएनएस)।** मानसून द्रोणिका और चक्रीय चक्रवाती घेरे के असर के चलते वातावरण में नमी मिल रही है और प्रदेश भर में कहीं मध्यम तो कही हल्की बारिश का सिलसिला चल रहा है।सितंबर अंत में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। छग मौसम विभाग ने आज शनिवार 24 सितंबर को अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है।सामान्यत: मानसूनी बारिश 30 सितंबर तक होती है, ऐसे में प्रदेश में 5-10 अक्टूबर तक विदाई हो सकती है।

सीजी मौसम विभाग के अनुसार, एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर पश्चिम मध्यप्रदेश और उसके आसपास है। यह 5.8 किमी तक विस्तारित है। वही एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी से छत्तीसगढ़ होते हुए 1.5 किमी से 4.5 किमी ऊंचाई तक है। इसके प्रभाव से प्रदेश में आज शनिवार 24 सितंबर को हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। 25 से 28 सितंबर तक हल्की तो 1 अक्टूबर को हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

# विवाहित महिला पर बुरी नियत रखने वाले आरोपी को जूटमिल पुलिस ने किया की गिरफ्तार

- **सुनेपन का फायदा उठाकर महिला के घर अक्सर आरोपी करता था छेड़छाड़**
- **मंसूबों में कामयाब ना होने पर पीड़िता से किया मारपीट, दिया जान से मारने की धमकी**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर जूटमिल चौकी प्रभारी द्वारा पीड़ित महिला की लिखित शिकायतों गंभीरता से लेते तत्काल आरोपी को अपने शिकंजे में ले लिया गया है।

जूटमिल चौकी क्षेत्र में रहने वाले उमाशंकर पटेल पर स्थानीय महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज करते बताया गया कि उमाशंकर पटेल हमारे गांव के नजदीक का होने की वजह से परिचय था तथा पहले बातचीत भी होती थी किंतु उमाशंकर पटेल गलत नियत रखने लगा आभास होने पर उस से दूरी बनाने लगी तथा बातचीत और घर आने से मैंने मना किया, यह बात उमाशंकर पटेल को अच्छी नहीं लगी और वह वक्त बेवक्त हमारे घर



अंदर भी आ जाता है, जिसका विरोध करने पर हाथापाई करते हुए जोर जबरदस्ती करने का भी प्रयास करता तथा किसी से शिकायत करने पर बदनाम कर दूंगा तथा झूठे मामले में फंसा दूंगा कहकर धमकी भी देता था। डर और लोक- लाज बदनामी से डरकर किसी को शिकायत नहीं की, गणेश पूजा के दिन भी जोर जबरदस्ती घर में आकर हाथापाई किया है! पीड़ित महिला ने शिकायत पत्र के साथ आरोपी की ऑडियो रिकॉर्डिंग और रजिस्ट्री से माध्यम से मिले पत्र को संलग्न करते हुए जूटमिल पुलिस को न्याय की गुहार लगाते हुए पत्र के अंत में लिखा है कि शिकायत को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए मामले की जांच कर दोषी पर कड़ी कार्यवाही करें तथा उमाशंकर पटेल से मेरी जान के खतरे को मद्देनजर रखते हुए मुझे सुरक्षा प्रदान की जावे!!

पीड़ित महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जूटमिल पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में तत्काल आरोपी को अपने शिकंजे में ले लिया है तथा महिला के घर घुसकर बुरी नियत से छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के संबंध में मामले की विवेचना की जा रही है।

# जिला जेल में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज जिला जेल रायगढ़ का निरीक्षण किया गया तथा वहां सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बंदियों की ओर से दिए गए आवेदन के तहत कुल 8 मामलों पर विचार किया गया। जिसमें से 2 मामलों का निराकरण किया गया और 2 आरोपियों को रिहा किया गया। इस अवसर पर सुधारगृह के बंदियों को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा समेत अन्य कानूनों की जानकारी दी। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विधिक सेवाओं प्री अरेस्ट, अरेस्ट, एवं रिमांड स्टेज की स्कीम के तहत विधिक अधिकारों की भी जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि गरीब कैदी अपना मुकदमा लडऩे के लिए नि:शुल्क वकील व अन्य विधिक



सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दीपक कोशले द्वारा जेल लोक अदालत, समझौते से शमनीय प्रकृति के प्रकरणों के निराकरण एवं प्ली बार्गनिंग संबंधी कानूनी जानकारी दी गई। जेल में नालसा द्वारा माह अगस्त में विचाराधीन बंदियों हेतु चलाए गए विशेष अभियान यूटीआरसी/75 का भी फॉलो अप कर जांच की गई। जिन बंदियों की जमानत होने के उपरांत परिवार से संपर्क किसी कारण नही हो सका तथा उक्त कारण से जमानत प्रस्तुत नहीं किया जा सका। ऐसे बंदियों की सूची तैयार की गई जिसे जिला प्रशासन को प्रेषित की जाकर स्वान इंटरनेट सेवा के माध्यम से यूटीआरसी के संकल्पानुसार बंदियों के परिजनों से संपर्क कर जमानत की जानकारी प्रदान की जायेगी। मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दीपक कोशले, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, साथ ही न्यायिक मजिस्ट्रेट कुमारी अंकिता अग्रवाल, श्वेता ठाकुर व प्रांजलि नेताम, जेल अधीक्षक, जेल के कर्मी समेत सुधारगृह के बंदी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480